**जेबी अकादमी अयोध्या**

**अर्द्धवार्षिक परीक्षा 2025-26**

**समय- 3 घंटे** **कक्षा – 9, विषय -हिन्दी (002)** **पूर्णांक-80**

**सामान्य निर्देश:-**

1. इस प्रश्न-पत्र में कुल 15 प्रश्न हैं। सभी प्रश्न अनिवार्य हैं।

2. इस प्रश्न-पत्र में कुल चार खंड हैं-क, ख, ग, घ।

3. खंड-क में कुल 2 प्रश्न हैं, जिनमें उप-प्रश्नों की संख्या 10 है।

4. खंड-ख में कुल 4 प्रश्न हैं, जिनमें उप-प्रश्नों की संख्या 20 है। दिए गए निर्देशों का पालन करते हुए 16 उप-प्रश्नों के उत्तर देना अनिवार्य है।

5. खंड-ग में कुल 5 प्रश्न हैं, जिनमें उप-प्रश्नों की संख्या 21 है।

6. खंड-घ में कुल 4 प्रश्न हैं, सभी प्रश्नों के साथ उनके विकल्प भी दिए गए हैं।

7. प्रश्नों के उत्तर दिए गए निर्देशों का पालन करते हुए लिखिए।

**<u>खण्ड-क</u>**

**1. निम्नलिखित गद्यांश पर आधारित प्रश्नों के उत्तर दीजिए।** **(1+1+1+2+2=7)**

शिक्षा विविध जानकारियों का ढेर नहीं है, जो तुम्हारे मस्तिष्क में ठूंस दिया गया है और जो आत्मसात (ग्रहण) हुए बिना वहाँ आजन्म पड़ा रहकर गड़बड़ किया करता है। हमें उन विचारों की अनुभूति कर लेने की आवश्यकता है, जो जीवन-निर्माण, मनुष्य-निर्माण तथा चरित्र-निर्माण में सहायक हों। यदि आप उपर्युक्त विचार आत्मसात कर उनके अनुसार अपने जीवन एवं चरित्र का निर्माण कर लेते हैं, तो आप पूरे ग्रंथालय को कंठस्थ करने वाले की अपेक्षा अधिक शिक्षित हैं। शिक्षा और आचरण अन्योन्याश्रित हैं। बिना आचरण के शिक्षा अधूरी है और बिना शिक्षा के आचरण। अंततोगत्वा दोनों अनुशासन के ही भिन्न रूप हैं। शिक्षा ग्रहण करने के लिए कठोर अनुशासन की आवश्यकता है। अनुशासन भाषण से नहीं, आचरण से आता है। 'लक्ष्य' अनुशासन का सबसे बड़ा प्रेरक है। यदि शिक्षा प्राप्त करने के लिए किसी ऊँचे लक्ष्य को अपने मन में ठान लें, तो अनुशासन दास बनकर उसका अनुगमन करेगा। शिक्षा एक ऐसी प्रक्रिया है, जिसमें विद्यार्थी को नई जानकारी और कौशल सिखाए जाते हैं, जबकि अनुशासन एक ऐसी प्रक्रिया है जिसमें विद्यार्थी को नैतिक मूल्यों, नियमों और सामाजिक अभिवृत्तियों का पालन सिखाया जाता है। एक अच्छी शिक्षा से विद्यार्थी में संचार कौशल, समस्याओं का समाधान करने की क्षमता, स्वतंत्रता की भावना और सकारात्मक सोच का विकास होता है। जब विद्यार्थी के पास ये गुण होते हैं, तो वह अपनी जिंदगी में अधिक सफल होता है।

(क) 'शिक्षा' शब्द से लेखक का क्या अभिप्राय है? उचित विकल्प का चयन करके लिखिए।

1. अच्छे विचारों को आत्मसात करना 2. विविध जानकारियों को मस्तिष्क में भरना

3-अनैतिक आचरण करना

विकल्प-

i- केवल 1 सही है। ii- केवल 1और 3सही है

iii- 2 और 3सही है। iv- सभी सही हैं।

(ख) शिक्षा ग्रहण करने के लिए किसकी आवश्यकता पड़ती है?

कथन के लिए उचित विकल्प का चयन करें

1- भाषण की आवश्यकता 2. कठोर अनुशासन की आवश्यकता

3. तर्क की आवश्यकता 4. ताकत और विचार की आवश्यकता

विकल्प -

(i) 1 और 2 सही हैं। (ii) 2, 3और 4 सही हैं। (iii) केवल 2 सही है। (iv) 1, 2 और 3 सही हैं।

(ग) कथन (A) मनुष्य जीवन में विचारों की अनुभूति आवश्यक है ।

कारण (R) विचार ही जीवन निर्माण, मनुष्य निर्माण तथा चरित्र निर्माण में सहायक होते हैं ।

विकल्प -

(i) कथन (A) और कारण (R) दोनों सही हैं तथा कारण (R), कथन (A) की सही व्याख्या करता है।

(ii) कथन (A) और कारण (R) दोनों सही हैं, परंतु कारण (R), कथन (A) की सही व्याख्या नहीं करता है।

(iii) कथन (A) सही है, किंतु कारण (R) गलत है।

(iv) कथन (A) गलत है, किंतु कारण (R) सही है।

(घ) गद्यांश के अनुसार किस प्रकार का व्यक्ति अधिक शिक्षित है?

(ङ) अनुशासन के भिन्न रूप कौन से हैं तथा अनुशासन का सबसे बड़ा प्रेरक क्या है?

**प्रश्न 2. निम्नलिखित काव्यांश पर आधारित प्रश्नों के उत्तर दीजिए।** **(1+1+1+2+2=7)**

निज भाषा उन्नति अहै, सब उन्नति को मूल।
बिनु निज भाषा ज्ञान के, मिटै न हिय को सूल।।
पढ़े संस्कृत जतन करि, पंडित भे विख्यात।
पै निज भाषा ज्ञान बिन, कहि न सकत इक बात।।
अंग्रेज़ी पढ़ कै जदपि, सब गुन होत प्रबीन।
पै निज भाषा ज्ञान बिन रहत हीन के हीन ।।
एक भाषा इक जीव मति सब घर के लोग
तबै बनत है सबन सों, मिटत मूढ़ता सोग।।
और एक अति लाभ यह यामें प्रगट लखात।
निज भाषा में कीजिए, जो विद्या की बात।।

(क) मूर्खता और शोक का शमन करने की विशिष्टता से युक्त कौन होता है?

(i) ज्ञानी जन (ii) अज्ञानी जन (iii) अपनी भाषा (iv) अंग्रेजी भाषा

(ख) कथन (A) निज भाषा में विद्या की बात को महत्त्व दिया जाता है।

कारण (R) अपनी भाषा में संप्रेषण की सुगमता अधिक होती है।

विकल्प -

(i) कथन (A) और (R) दोनों सही हैं तथा कारण (R), कथन (A) की सही व्याख्या करता है।

(ii) कथन (A) और (R) दोनों सही हैं, परंतु कारण (R), कथन (A) की सही व्याख्या नहीं करता

(iii) कथन (A) सही है, किंतु कारण (R) गलत है।

(iv) कथन (A) गलत है, किंतु कारण (R) सही है।

(ग) निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए

1. मातृभाषा के ज्ञान के बिना मनुष्य अज्ञानी रहता है।
2. मातृभाषा के ज्ञान से व्यक्ति की उन्नति संभव नहीं है।
3. मातृभाषा के ज्ञान से शीघ्र विद्या प्राप्त हो जाती है।

उपरोक्त कथनों में से कौन-सा/से कथन सही है/हैं?

(i) केवल कथन 1 (ii) केवल कथन 2 (iii) कथन 1 और3 (iv) कथन 2 और 3

घ- संस्कृत पढ़ने वालों को कवि ने क्या माना है?

(ङ) कवि ने अपनी भाषा की उन्नति के लिए क्या कहा है?

## खंड - 'ख' (व्याकरण) (16 अंक)

व्याकरण के लिए निर्धारित विषयों पर अतिलघूत्तरात्मक व लघूत्तरात्मक 20 प्रश्न दिए गए हैं, जिनमें से केवल 16 प्रश्नों (1×16 = 16) के उत्तर देने हैं।

प्रश्न 3- निर्देशानुसार शब्द निर्माण पर आधारित पाँच प्रश्नों में से किन्हीं चार प्रश्नों के उत्तर दीजिए। (1 x 4 =4)

(क) 'अप' उपसर्ग से बने दो शब्द लिखिए।

(ख) 'अवगुण' शब्द में प्रयुक्त उपसर्ग तथा मूल शब्द लिखिए।

(ग) 'अध' उपसर्ग से दो शब्द बनाइए।

(घ) 'लिखावट' शब्द में से मूल शब्द और प्रत्यय अलग करके लिखिए।

(ङ) 'आहट' प्रत्यय से दो शब्द बनाइए।

प्रश्न 4. निर्देशानुसार 'समास' पर आधारित पाँच प्रश्नों में से किन्हीं चार प्रश्नों के उत्तर दीजिए। (1×4=4)

(क) 'हम-तुम' का समास-विग्रह करके समास का नाम लिखिए

(ख) 'प्रत्येक' का समास-विग्रह कीजिए।

(ग) 'महाकवि' में कौन-सा समास है?

(घ) 'बिना खटके' समस्तपद बनाकर समास का नाम लिखिए।

(ङ) 'मुरली को धारण करने वाला' समस्त पद बनाकर समास का नाम लिखिए।

प्रश्न 5. निर्देशानुसार 'वाक्य भेद' पर आधारित पाँच प्रश्नों में से किन्हीं चार प्रश्नों के उत्तर दीजिए। (1x4=4)

(क) ' मैं बाजार गया था।' प्रस्तुत वाक्य को निषेधवाचक वाक्य में बदलिए।

(ख) 'उद्‌भव नवीं कक्षा में पढ़ता है।' प्रस्तुत वाक्य को प्रश्नवाचक वाक्य में बदलिए।

(ग) 'बाग में बहुत सुंदर फूल खिले हैं।' प्रस्तुत वाक्य को विस्मयवाचक वाक्य में बदलिए।

(घ)'क्या तुम यह कार्य नहीं कर सकते?'प्रस्तुत वाक्य को आज्ञावाचक वाक्य में बदलें।

(ङ) 'मैं चाहती थी कि गांधी जी मेरी कविता सुनें।' अर्थ के आधार पर वाक्य भेद बताइए।

प्रश्न 6. निर्देशानुसार 'अलंकार' पर आधारित पाँच प्रश्नों में से किन्हीं चार प्रश्नों के उत्तर दीजिए। (1×4=4)

(क)'हंसमुख हरियाली हिम आतप।' प्रस्तुत काव्य पंक्ति में निहित अलंकार कौन-सा है?

(ख) 'चिरजीवें जोरी जुरे क्यों न स्नेह गंभीर, को घटिया ये वृषभानुजा वे हलधर के वीर?।' प्रस्तुत पंक्तियों में अलंकार बताइए।

(ग) "जो सुख सुजस सुलभ मोहिं स्वामी।" प्रस्तुत काव्य पंक्ति में निहित अलंकार कौन-सा है?

(घ)'यमक अलंकार का एक उदाहरण लिखें। जो इस प्रश्न पत्र में ना आया हो?

(ङ) 'जगती जगती की मूक प्यास प्यास।' प्रस्तुत काव्य पंक्ति में कौन-सा अलंकार है?

## खंड 'ग' (पाठ्यपुस्तक एवं पूरक पाठ्यपुस्तक) (30 अंक)

इस खंड में, पाठ्यपुस्तक एवं पूरक पाठ्यपुस्तक से प्रश्न पूछे गए हैं, जिनके निर्धारित अंक प्रश्न के सामने अंकित हैं।

प्रश्न 7-निम्नलिखित पठित गद्यांश पर आधारित बहुविकल्पीय प्रश्नों के सर्वाधिक उपयुक्त विकल्प चुनकर लिखिए। (1x5=5)

डाँडे तिब्बत में सबसे खतरे की जगह है। सोलह-सत्रह हजार फीट की ऊँचाई होने के कारण उसके दोनों ओर मीलों तक कोई गाँव-गिराँव नहीं होते। नदियों के मोड़ और पहाड़ों के कोनों के कारण बहुत दूर तक आदमी को देखा नहीं जा सकता। डाकुओं के लिए यही सबसे अच्छी जगह है। तिब्बत में गाँव में आकर खून हो जाए, तब तो खूनी को सज़ा भी मिल सकती है, लेकिन इन निर्जन स्थानों में मरे हुए आदमियों के लिए कोई परवाह नहीं करता। सरकार, खुफ़िया-विभाग और पुलिस पर उतना खर्च नहीं करती

और वहाँ गवाह भी तो कोई नहीं मिल सकता। डकैत पहले आदमी को मार डालते हैं, उसके बाद देखते हैं कि कुछ पैसा है कि नहीं। हथियार का कानून न रहने के कारण यहाँ लाठी की तरह लोग पिस्तौल, बंदूक लिए फिरते हैं। डाकू यदि जान से न मारे तो खुद उसे अपने प्राणों का खतरा है। गाँव में हमें मालूम हुआ कि पिछले ही साल थोङ्ला के पास खून हो गया। शायद खून की हम उतनी परवाह नहीं करते, क्योंकि हम भिखमंगे थे और जहाँ-कहीं वैसी सूरत देखते, "टोपी उतार जीभ निकाल, 'कुची-कुची (दया-दया) एक पैसा' कहकर भीख माँगने लगते।"

(क) तिब्बत में डाँडे को सबसे खतरनाक बताने का कारण है। उपयुक्त विकल्प का चयन करके लिखिए।

1. वह पहाड़ों पर स्थित नहीं है 2. वह अत्यंत ऊंचाइयों पर स्थित है 3. दूर-दूर तक कोई आदमी नहीं दिखता

विकल्प -

(i) कथन 1 और 2 सही हैं। (ii) कथन 2 और 3 सही हैं

(iii) केवल कथन 3 सही है। (iv) कथन 1, 2 और 3 सही हैं

(ख) डाँडे को किसके लिए सबसे अच्छा स्थान बताया गया है?

(i) गाँव के लिए। (ii) आम आदमियों के लिए

(iii) डाकुओं के लिए। (iv) लेखक के लिए

(ग) लेखक खून की उतनी परवाह नहीं करते, क्योंकि

उपयुक्त विकल्प चुनकर लिखिए।

1. लेखक और उसके साथी भिखमंगे के वेश में थे। 2. वे दोनों सिपाही की वर्दी में थे।

3. वे अच्छी वेशभूषा पहने हुए थे। 4. उनकी वेशभूषा देखकर सब डर जाते थे।

विकल्प -

(i) केवल कथन 1 सही है (ii) कथन 2 और 3 सही है

(iii) कथन 3 और 4 सही हैं. (iv) कथन 1, 2, 3 और 4 सही हैं

(घ) लेखक "टोपी उतार जीभ निकाल, कुची-कुची एक पैसा" कहकर भीख क्यों माँगने लगते थे?

(i) पुलिस को देखकर. (ii) डाकुओं से बचाव के लिए

(iii) किसी जानवर को देखकर (iv) आदर भाव दिखाने के लिए

(ङ) कथन (A) तिब्बत में लोग लाठी की तरह हथियार लिए घूमते हैं।

कारण (R) तिब्बत में हथियार का कानून नहीं था।

विकल्प -

(i) (A) और (R) दोनों सही है तथा (R), (A) की सही व्याख्या करता है।

(ii) (A) और (R) दोनों सही हैं, परंतु (R), (A) की सही व्याख्या नहीं करता है।

(iii) (A) सही है, किंतु (R) गलत है।

(iv) (A) गलत है, किंतु (R) सही है।

प्रश्न 8-गद्य पाठों के आधार पर निम्नलिखित चार प्रश्नों में से किन्हीं तीन प्रश्नों के उत्तर लगभग 25-30 शब्दों में लिखिए। (2×3=6)

(क) 'दो बैलों की कथा' पाठ के आधार पर छोटी लड़की का परिचय देते हुए बताइए कि लड़की व बैलों के बीच आपसी व्यवहार कैसा था?

(ख) "सुख की व्याख्या बदल गई है' के माध्यम से लेखक क्या कहना चाहते हैं ?उपभोक्तावाद संस्कृति की संस्कृति पाठ के आधार पर स्पष्ट कीजिए

(ग) उपभोक्तावादी संस्कृति किन किन कारणों से विकसित हुई?

(घ) दो बैलों की कथा पाठ के आधार पर बताइए कि सच्चे मित्रों की क्या विशेषताएं होती हैं?

प्रश्न 9-निम्नलिखित पठित काव्यांश पर आधारित बहुविकल्पीय प्रश्नों के सर्वाधिक उपयुक्त विकल्प चुनकर लिखिए। (1x5=5)

मोरपंखा सिर ऊपर राखिहौं, गुंज की माल गरें पहिरौंगी।
ओढि पितंबर लै लकुटी बन गोधन ग्वारिन संग फिरौंगी ।।
भावतो वोहि मेरो रसखानि सों तेरे कहे सब स्वाँग करौंगी।
या मुरली मुरलीधर की अधरान धरी अधरा न धरौंगी।

(क) प्रस्तुत पद में वक्ता और श्रोता क्रमशः हैं

1. गोपी और ग्वाले। 2. गोपी और उसकी सखियाँ 3. कृष्ण और सूरदास 4. कृष्ण और बलराम

विकल्प -

(i) केवल 1 सही है। (ii) 2 और 3 सही हैं। (iii) केवल 2 सही है। (iv) 2 और 4 सही हैं।

(ख) गोपियाँ किसे धारण करने के लिए तैयार नहीं हैं?

(i) पीले वस्त्र (ii) मुरली (iii) मोर मुकुट (iv) माला

(ग) कथन (A) गोपियाँ अपने होठों पर मुरली धारण नहीं करती हैं।
कारण (R) गोपियाँ मुरली को सौतन मानकर मुरली से ईर्ष्या करती हैं।
विकल्प -
(i) (A) और (R) दोनों सही हैं तथा (R), (A) की सही व्याख्या करता है।
(ii) (A) और (R) दोनों सही हैं, परंतु (R), (A) की सही व्याख्या नहीं करता है।
(iii) (A) सही है, किंतु R गलत है।
(iv) (A) गलत है, किंतु (R) सही है।

(घ) 'या मुरली मुरलीधर की अधरान धरी अधरा न धरौंगी' पंक्ति गोपियों की किस मनोदशा को प्रस्तुत करती है?
(i) गोपी को मुरली पसंद है। (ii) गोपी और कृष्ण के बीच मुरली बाधक है
(iii) गोपी मुरली को मुरलीधर के साथ देखना चाहती हैं (iv) गोपी मुरली से प्रेम करती है

(ङ) 'गोधन ग्वारनि संग फिरौंगी' पंक्ति से क्या आशय है?
(i) कृष्ण के साथ घूमने से (ii) गाय खरीदने से
(iii) ग्वालों के साथ न घूमने से (iv) गायों व ग्वालों के साथ घूमने से

प्रश्न 10- कविताओं के आधार पर निम्नलिखित चार प्रश्नों में से किन्हीं तीन प्रश्नों के उत्तर लगभग 25-30 शब्दों मैं लिखिए। (2×3=6)

(क) भोगी बनने और बैरागी बनने से क्या संभावना है? ‘वाख’ कविता के आधार पर स्पष्ट कीजिए
(ख) कवयित्री ललद्यद ने परमात्मा प्राप्ति के लिए क्या उपाय बताया है?।
(ग) कबीर दास के अनुसार सच्चा संत कौन है?
(घ) लोग ईश्वर प्राप्ति के लिए क्या-क्या क्रियाएं करते हैं? साखी एवं सबद के आधार पर बताइए।

11. पूरक पाठ्यपुस्तक के पाठों पर आधारित निम्नलिखित तीन प्रश्नों में से किन्हीं दो प्रश्नों के उत्तर लगभग 60-60 शब्दों में लिखिए। (4x2=8)

(क) प्राकृतिक आपदा की स्थिति में व्यक्ति को क्या करना चाहिए ? इस जल प्रलय में पाठ के आधार पर बताइए
(ख) लेखक फणीश्वर नाथ रेणु ने पानी को मृत्यु का तरल दूत क्यों कहा है?
(ग) सबकी ज़ुबान पर एक ही जिज्ञासा थी पानी कहां तक आ गया है? इस कथन से जन समूह की कौन सी भावनाएं व्यक्त होती हैं?

## **खंड 'घ' (रचनात्मक लेखन) (20 अंक)**

इस खंड में रचनात्मक लेखन पर आधारित प्रश्न पूछे गए हैं, जिनके निर्धारित अंक प्रश्न के सामने अंकित हैं।

प्रश्न 12- निम्नलिखित तीन विषयों में से किसी एक विषय पर लगभग 120 शब्दों में एक अनुच्छेद लिखिए। (6)

(क) क्रिकेट की बढ़ती लोकप्रियता

संकेत बिंदु -

• क्रिकेट का आकर्षण • क्रिकेट का रोमांच • लोकप्रियता के कारण

(ख) ऑनलाइन शिक्षा का बढ़ता प्रचलन

संकेत बिंदु -

• ऑनलाइन शिक्षा से अभिप्राय • ऑनलाइन शिक्षा से लाभ • ऑनलाइन शिक्षा से हानियां

(ग) आतंकवाद

संकेत बिंदु -

• आतंकवाद का अर्थ • भारत में आतंकवाद • विश्व स्तर पर आतंकवाद

◦ समाधान के उपाय

प्रश्न 13. आपके क्षेत्र में सफाई कर्मचारी ठीक से कार्य नहीं कर रहा है। अपने क्षेत्र में गंदगी एवं बीमारी फैलने की सूचना देते हुए नगर निगम के स्वास्थ्य अधिकारी को लगभग 100 शब्दों में पत्र लिखें (5)

**अथवा**

अपने मित्र को निबंध प्रतियोगिता में प्रथम आने पर बधाई पत्र लिखें (5)

प्रश्न 14. छात्रों के लिए खेल सामग्री उपलब्ध कराने का अनुरोध करते हुए प्रधानाचार्य महोदय को लगभग 100 शब्दों में ई-मेल लिखें (5)

**अथवा**

"बिना विचारे जो करै सो पाछे पछताय'' शीर्षक पर लगभग 100-120 शब्दों में एक मौलिक लघुकथा लिखिए।

प्रश्न 15. कक्षा में पढ़ाई को लेकर पिता-पुत्र /पिता-पुत्री के बीच लगभग 80 शब्दों में संवाद लिखें (4)

**अथवा**

आप अपने विद्यालय के कैप्टन राजू सिंह हैं। विद्यालय में वार्षिक खेल दिवस हेतु विद्यार्थियों को सूचना देते लगभग 80 शब्दों में सूचना लिखिए।